हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 सितम्बर 2024, समय 1810)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया और इस को प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार चरम पर पहुंचा,प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने गोहाना में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि,युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा में कई आद्योगिक शहर स्थापित किये जायेंगे।
- केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरीने ने कुरुक्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की उनकी सरकार ने किसान को अन्नदाता से ऊर्जा दाता बनाया है।
- इंडियन नैशनल लोक दल ने उचाना में जननायक सम्मान दिवस रैली का आयोजन किया। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कार्यकर्ताओं को गठबंधन को जीताने के लिए समर्पित होकर काम करने का आह्वान किया।

***********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है।श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। उन्होंने पिछले एक दशक से इस आंदोलन को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे सभी लोगों की सराहना की।प्रधानमंत्री ने हर संभव माध्यम से मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि सुधारों के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

***********

हरियाणा में चुनाव प्रचार चरम पर है। आज विभिन्न पार्टियों के स्टार प्रचारकों ने जनसभाओं को संबोधित कर अपनी अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगा ।प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने आज सोनीपत के गोहाना में बीजेपी की जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया और बीजेपी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। श्री मोदी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में विश्व में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दुनिया को लगता है कि आने वाले समय में अगर कोई देश सबसे तेजी से प्रगति करेगा तो वह भारत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बी जे पी ने घोषणा की है कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा में कई औद्योगिक शहर स्थापित किए जाएंगे।

श्री मोदी ने कहा -

श्री मोदी ने कहा कि विश्व की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश करने को उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि जब ये कंपनियां भारत में निवेश करेंगी तो इससे हरियाणा के किसानों और युवाओं को लाभ होगा।उन्होंने कहा कि ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन में हरियाणा के खिलाड़ियों ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत का तीसरा खेल विश्वविद्यालय सोनीपत में बना है। हरियाणा बी जी पी ने कहा है की है कि राज्य के हर जिले में ओलंपिक खेल नर्सरी बनाई जाएंगी।हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को मिल रहे समर्थन पर श्री मोदी ने कहा-

श्री मोदी ने कहा कि जहां भी कांग्रेस सत्ता में आई है उसने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को ब□ावा दिया है। श्री मोदी ने आरोप लगाया कि आरक्षण के प्रति नफरत कांग्रेस के डीएनए में है और लोगों को उसकी आरक्षण विरोधी रणनीति से सावधान रहना चाहिए।

***********

जननायक जनता पार्टी ने कहा है कि आज देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 111वीं जयंती पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने प्रदेश के सभी जिलों में नुक्कड़ सभाएं, रक्तदान शिविर, पौधरोपण, जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सिरसा में जे जे पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व विधायक नैना चौटाला, उचाना में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और डबवाली में जे.जे.पी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने चौधरी देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने अपने जीवन में सदैव किसान, कमेरे के हितों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष राजनीतिक पद तक पहुंचने वाले चौधरी देवीलाल ने धरातल पर अपने लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए बेहतर योजनाएं बनाई और उन्हें अमलीजामा पहनाया।

**********

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने आज कुरुक्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। कुरुक्षेत्र की भूमि को नमन करते हुए उन्होंने अपने राजनीतिक सफर के शुरुआती दिनों को याद किया ।उन्होंने कहा कि इस भूमि से उनका जुड़ाव है।

श्री गडकरी ने कहा कि उनकी सरकार किसान हितैषी है , किसान को अन्नदाता से ऊर्जा दाता बनाया है ।

*<u>उन्होंने कहा कि हमने किसान को अन्नदाता से ऊर्जा दाता बनाया है ।कुरुक्षेत्र में जितनी बिजली लगती है इतनी बिजली हमारे चार चीनी मिल तैयार करती हैं। और मक्के से बायो एथेनॉल बननी शुरू हुई तो किसान को मक्के अच्छा भाव मिलने लगा है। जिससे किसान का फायदा हुआ है ।</u>*

उन्होंने कहा हरियाणा व पंजाब देश के अनाज का भंडार है एक एकड़ में जितना गेहूं चावल यहां पर होता है पूरे देश में कहीं नहीं होता। उन्होंने किसानों को पराली

न जलाने और इसका प्रबंधन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जलाई जा रही इस पराली से एथेनॉल और सीएनजी तैयार होकर गाड़ियों के ईंधन के रूप में इस्तेमाल हो रही है।किसान पराली को आय का साधन बना सकते हैं ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश का सही विकास नहीं किया इसलिए 30% आबादी बड़े शहरों की तरफ चली गई और शहरों में आबादी बढ़ने से झुग्गी झोपड़ियां भी बढ़ गई हैं । कांग्रेस ने गांव के विकास को प्राथमिकता नहीं दी और किसानों ने आत्महत्याएं की। परंतु अब विकास हो रहा है क्योंकि आपने सही सरकार चुनी है जिसकी नीति सही है।उन्होंने अपने संबोधन में हरियाणा में बन रहे कई मुख्य मार्गों और सड़कों का जिक्र भी किया । श्री गडकरी ने कहा कि एक ऐसे भारत का सपना देख रहे हैं जहां पर केवल स्मार्ट सिटी ना हो गांव को भी स्मार्ट बनने के लिए कार्य किया जा रहा है जहां पर 24 घंटे बिजली पानी की सुविधा उपलब्ध होगी। हर नौजवान के पास काम होगा यह सपना उनकी सरकार ने देखा है।

***********

इंडियन नैशनल लोक दल ने आज स्वर्गीय पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल की जयंती पर जींद के उचाना में जननायक सम्मान दिवस रैली का आयोजन किया। रैली को उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और इंडियन नैशनल लोक दल के प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला एवं गठबंधन के मुख्यमंत्री के दावेदार अभय सिंह ने संबोधित किया।जनसभा को संबोधित करते हुए सुश्री मायावती ने बी एस पी कार्यकर्ताओं को गठबंधन को जीताने के लिए चुनाव में समर्पित होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जननायक चौधरी देवी लाल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि—

उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने प्रदेश और देश हित के लिए काम किया जबकि पिछली सरकारों ने प्रदेश के लिए कुछ नहीं किया, इसलिए पिछली सरकारों में हरियाणा का विकास नहीं हुआ।उन्होंने आरोप लगाया कि आरक्षण को खत्म करने की साजिश की जा रही है। आरक्षण को विभाजित किया जा रहा है। सुश्री

मायावती कांग्रेस और बी जे पे पर हमलावर रही।इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने अपने सम्बोधन में काँग्रेस की जम कर आलोचना की। उन्होंने कहा –

रैली में दोनो पार्टियों के कई अन्य दिग्गज नेताओं ने भी शिरकत की।

***********

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज रोहतक जिले के महम और भिवानी में जन सभाओं को संबोधित किया। महम में अपने संबोधन में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार विकास नेहरा को जिताने की अपील की। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के लिए 5 गारंटी की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हरियाणा में आम आदमी पार्टी के समर्थन के बिना सरकार नहीं बनेगी।महम और भिवानी में जनसभा के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने मंडी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत के कृषि कानून वापस लाने की मांग वाले बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह सरकार की मंशा को दर्शाता है। केजरीवाल ने कहा कि 3 कृषि कानूनों के खिलाफ जब 13 माह तक किसान आंदोलन हुआ तब उन्होंने किसानों की सेवा की थी।

***********